# ईएसआईसी कार्यालय में आजादी का अमृत महोत्सव








महानगर संवाददाता

मुंबई

कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) के क्षेत्रीय कार्यालय, मुंबई में 'आजादी का अमृत महोत्सव' सप्ताह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर महाराष्ट्र सरकार के सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख सचिव (आई.ए.एस.) डॉ. एम नीलिमा केरकेट्टा, ईएसआई कॉरपोरेशन के सदस्य विजय पडाले, सम्मानित अतिथि, बीआयएस की ओर से निदेशक अनेश आर सिंह, ईएसआईसी के कर्मचारी, बीमित व्यक्तियों के साथ आश्रित उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में बीआयएस को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणमान्य व्यक्तियों द्वारा पंचदीप जलाकर की गई। अतिरिक्त आयुक्त और क्षेत्रीय निदेशक प्रणय सिन्हा ने स्वागत भाषण दिया। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के निर्देशानुसार यह कार्यालय आजादी का अमृत महोत्सव के प्रतिष्ठित सप्ताह के दौरान मातृत्व लाभ सहित बीमित व्यक्तियों के सभी लंबित दावों को कम करने के लिए प्रयास कर रहा है। कार्यक्रम में उपस्थित उप निदेशक (वित्त) राजीव रंजन, उप निदेशक (पीआर) आलोक गुप्ता, राज्य चिकित्सा अधिकारी दत्तात्रेय कांबले, सहायक कार्यकारी अभियंता विनय बाकडे ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान मृतक आईपी के आश्रितों को कोविड-19 राहत योजना के तहत पेंशन के चेक सौंपे गए। इस योजना के लाभार्थियों ने त्वरित राहत प्रदान करने के लिए ईएसआई निगम के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि डॉ. एम नीलिमा केरकेट्टा ने महाराष्ट्र क्षेत्र के अतिरिक्त आयुक्त और संभागीय निदेशक प्रणय सिन्हा के कुशल नेतृत्व में ईएसआई कॉर्पोरेशन द्वारा किए गए कार्यों की सराहना की। निगम सदस्य विजय पडाले, पूर्व आयुक्त पी.के. श्रीवास्तव ने महाराष्ट्र क्षेत्र में ईएसआईसी के कामकाज की प्रशंसा की। वहीं उप निदेशक (समन्वय) एवं कार्यक्रम के संचालक आशुतोष गिरी ने आजादी के अमृत महोत्सव के महत्व के बारे में बताया। कार्यक्रम में उप निदेशक पी.के. मिश्रा, उप निदेशक महादेव मीणा, उप निदेशक (राजभाषा) अंकिता बनर्जी उपस्थित थीं।